सुविधा

गोरखपुर से किया जाएगा रेलगाड़ियों का संचालन

मुंबई के लिए चलेंगी स्पेशल ट्रेनें

अमर उजाला ब्यूरो

गोरखपुर। रेल प्रशासन ने यात्रियों की सुविधा के लिए मुम्बई से गोरखपुर के लिए तीन नई स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। ये ट्रेनें सीएसटी, मुंबई सेंट्रल और पुणे से चलेंगी।

09193 मुंबई सेंट्रल-गोरखपुर सुपरफास्ट ग्रीष्मकालीन स्पेशल 10 एवं 13 मई को मुंबई सेंट्रल से रात 11.00 बजे चलेगी और तीसरे दिन गोरखपुर सुबह 9.05 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 09194 गोरखपुर-मुंबई सेंट्रल सुपरफास्ट ग्रीष्मकालीन स्पेशल 12 एवं 15 मई को गोरखपुर से दोपहर 2.00 बजे चलेगी दूसरे दिन मुंबई सेंट्रल रात 12.20 बजे पहुंचेगी। 01329 पुणे-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल 11, 13, 15, 18 एवं 20 मई को पुणे से रात 9.30 बजे चलेगी और तीसरे दिन गोरखपुर सुबह 9.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 01330 गोरखपुर-पुणे ग्रीष्मकालीन स्पेशल 13, 15, 17, 20 एवं 22 मई को गोरखपुर से शाम 7.00 बजे चलेगी और तीसरे दिन पुणे सुबह 5.25 बजे पहुंचेगी। 01359 छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस -गोरखपुर ग्रीष्मकालीन स्पेशल 12, 14, 16, 17 एवं 19 मई को छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस से रात 11.30 बजे चलेगी और तीसरे दिन गोरखपुर सुबह 9.00 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 01360 गोरखपुर-छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस ग्रीष्मकालीन स्पेशल 14, 16, 18, 19 एवं 21 मई को गोरखपुर से शाम 7.00 बजे चलेगी और तीसरे दिन छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस 3.45 बजे पहुंचेगी।

आज व कल निरस्त रहेगी सीवान-गोरखपुर स्पेशल

गोरखपुर। रेल प्रशासन ने परिचालनिक कठिनाइयों एवं यात्रियों की संख्या कम होने के कारण 05153 सीवान-गोरखपुर स्पेशल एवं 05154 गोरखपुर-सीवान स्पेशल ट्रेन का संचालन 10 एवं 11 मई को निरस्त कर दिया है। ब्यूरो

सात स्टेशनों पर नहीं रुकेंगी ट्रेनें

गोरखपुर। परिचालनिक कठिनाइयों के कारण रेलवे प्रशासन ने सात स्टेशनों पर 10 मई से अगले आदेश तक सभी ट्रेनों का ठहराव निरस्त कर दिया है। एनईआर के सीपीआरओ पंकज कुमार सिंह ने बताया कि वाराणसी मंडल के खैरा, मढ़ौरा, राजापट्टी, माझांगढ़, जलालपुर, कठकुईयां तथा बड़हरागंज स्टेशनों पर ठहराव निरस्त किया गया है। ब्यूरो